सूचना NOTICE

401

# बिहार शिक्षा परियोजना, नालन्दा

## भाड़े पर वाहन हेतु अल्पकालीन कोटेशन का आमंत्रण

बिहार शिक्षा परियोजना (समग्र शिक्षा), नालन्दा के कार्यालय में भाड़े पर वाहन संचालन हेतु निम्नांकित शर्त्तो के अधीन इच्छुक वाहन आपूर्त्तिकर्त्ता से अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

1. नए वाहन (तीन साल के अन्दर क्रय किया गया) को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. वाहन व्यावसायिक हो तथा सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त हो।
3. वाहन संबंधी सभी कागजात अद्यतन रखना होगा तथा कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
4. वाहन का संचालन वित्तीय वर्ष– 2026–27 के बजटीय प्रावधान के अनुरूप प्रभावी तिथि से आगामी 11 माह के लिए संचालित होगा।
5. वाहन चालक का सम्पूर्ण खर्च वाहन मालिक के द्वारा व्यय किया जायेगा।
6. वाहन खराब होने की स्थिति में उसके मरम्मति, दैनिक रख–रखाव के पूर्ण खर्चा तथा वैकल्पिक वाहन की व्यवस्था वाहन मालिक के द्वारा किया जायेगा।
7. वाहन औसतन एक माह में ए0सी0 1200 कि0मी0 / नॉन ए0सी0 1500 कि0मी0 तक चलेगी।
8. वाहन का मासिक भाड़ा अधिकतम 35000 / – (पैंतीस हजार रुपया) मात्र होगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का व्यय राशि कार्यालय द्वारा न तो वाहन मालिक को और न ही वाहन चालक को भुगतान की जायेगी।
9. वाहन को चालक सहित 24 घंटे की सेवा उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।
10. वाहन उपलब्धता एवं संचालन सेवा संतोषप्रद नहीं होने के स्थिति में वाहन हटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सुरक्षित रहेगा।

इच्छुक वाहन आपूर्त्तिकर्त्ता सभी कागजातों के साथ एक सप्ताह के अन्दर (30.06.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक) हरहाल में अपना कोटेशन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

23/06/2026

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा,
बिहार शिक्षा परियोजना
नालन्दा।

22/6/26